फा. सं. एबी-11020/1/2024-सामान्य_समन्वय.; ई-27399

भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

****

अक्टूबर, 2024 माह के दौरान हुई महत्वपूर्ण प्रगति और विभाग की प्रमुख उपलब्धियों का सारांश।

I. केंद्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह जी ने दिनांक 25 अक्टूबर 2024 को प्रात: 10:00 बजे नई दिल्ली में 21वीं पशुधन संगणना अभियान जैसी एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की। यह संगणना अक्टूबर 2024 से फरवरी 2025 तक चलेगी। सभी फील्ड डेटा का कस्टमाइज्ड मोबाइल ऐप द्वारा डिजिटल रूप से संग्रह किया जा रहा है। कस्टमाइज्ड सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रगति और डेटा हाईजिन की वास्तविक समय में निगरानी भी की जाएगी।

II. पशुधन आयात अधिनियम, 1898 के तहत, एक्यूसीएस चेन्नई के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, कोच्चि में पशु संगरोध और प्रमाणन सेवाएं (एक्यूसीएस) शुरू की गई हैं।

III. **<u>टीकाकरण कार्यक्रम- मुख्य उपलब्धियां</u>**

i. **<u>एफएमडी टीकाकरण</u>**

चौथे चरण में अब तक 21.56 करोड़ एफएमडी टीकाकरण किए गए। 24 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में पूरे हो चुके हैं और 10 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में जारी हैं।

पांचवें चरण में अब तक 5.63 करोड़ एफएमडी टीकाकरण किए गए। 4 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में पूरे हो चुके हैं और 7 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में जारी हैं।

कर्नाटक में एफएमडी टीकाकरण का छठा चरण शुरू किया गया और अब तक 0.86 करोड़ (हरियाणा सहित) टीकाकरण किए जा चुके हैं।

कुल मिलाकर अक्टूबर, 2024 माह के दौरान, लगभग 3.89 करोड़ एफएमडी टीकाकरण किए गए हैं।

ii. **<u>ब्रुसेलोसिस टीकाकरण</u>**

माह के दौरान कुल 20 लाख ब्रुसेलोसिस टीकाकरण किए गए हैं (संचयी 4.24 करोड़)

iii. **<u>पेस्टे-डेस पेटिट्स रूमिनेंट्स (पीपीआर) टीकाकरण</u>**

माह के दौरान 77 लाख पीपीआर टीकाकरण किए गए हैं। (संचयी 17.44 करोड़)

iv. **<u>सीएसएफ (क्लासिकल स्वाइन फीवर) टीकाकरण</u>**

माह के दौरान कुल 0.83 लाख सीएसएफ टीकाकरण किए गए हैं। (संचयी 59.91 लाख)

IV. **लम्पी त्वचा रोग (एलएसडी) के लिए टीकाकरण**

वर्ष 2024के दौरान एलएसडी के बहुत कम मामले आए हैं। वर्तमान में किसी भी राज्य में लम्पी त्वचा रोग के सक्रिय मामले नहीं हैं। वर्ष 2024के दौरान कुल 5,56,93, 697पशुओं का टीकाकरण किया गया और टीकाकरण अभी जारी है

V. **<u>मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई (एमवीयू)</u>**

दिनांक 31 अक्टूबर तक कुल मिलाकर, 28 राज्यों में 4016 एमवीयू काम कर रही हैं जो अंतिम छोर तक पशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। माह के दौरान 13.50 लाख किसान लाभान्वित हुए और 9 राज्यों में 16.69 पशुओं का उपचार किया गया।

VII. **चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान (सीएसएनआईएएच) से संबंधित कार्यकलाप/कार्य:**

एलएचडीसीपी के तहत एफएमडी टीकों के 02 बैच और पीपीआर टीकों के 03 बैचों का गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण पूरा किया गया।

VIII. **<u>व्यय</u>**

सितंबर, 2024 माह में व्यय हुए 533.22 करोड़ रुपये (अनंतिम) की तुलना में अक्टूबर, 2024 माह में कुल मिलाकर 356.82 करोड़ रुपये (अनंतिम) का व्यय हुआ।

****